निबन्धन एवं शर्तें

वरिष्ठ सलाहकार- मातृत्व स्वास्थ्य

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिपोर्टिंग अधिकारी: संयुक्त आयुक्त, मातृत्व स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।

भूमिकाएं और दायित्व: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत मातृत्व स्वास्थ्य के प्रमुख कार्यक्रम के संदर्भ में मातृत्व स्वास्थ्य से जुड़े क्रियाकलापों के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए मातृत्व स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना।

- प्रसव कक्षों के सुदृढ़ीकरण और इनके मानकीकरण के कार्यान्वयन के लिए तथा एमसीएच सेवाओं के गुणवत्ता पूर्ण आश्वासन/ सुधार के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राज्यों को तकनीकी सहायता व कार्यक्रम संबंधी सहयोग प्रदान करना।
- प्रसव कक्षों के मानकीकरण में तथा माता-पिता से बच्चे में एचआईवी और सिफिलिस के संक्रमण को रोकने के कार्यक्रम में राज्य को सहायता और मार्गदर्शन देना।
- कार्यक्रम से जुड़े क्रियाकलापों जैसे कि कार्य योजनाएं, बजट, गतिविधियां, निगरानी व मूल्यांकन (एम एंड ई) ढांचे तथा क्षमता निर्माण की रिपोर्टें आदि तैयार करने, कार्यान्वित करने और रिपोर्ट के लिए साझेदारों व राज्य सरकार के अपने समकक्ष पदाधिकारियों के साथ कार्य करना ।
- दस्तावेज, प्रचालनात्मक व तकनीकी दिशा निर्देशों को तैयार करने में सहायता करना ।
- विभिन्न रिपोर्टों/ अध्ययनों/ एमआईएस डाटा/ सर्वेक्षण रिपोर्टों के विश्लेषण में एमएच प्रभाग की सहायता करना तथा निष्कर्ष/ विश्लेषण के आधार पर राज्यों में एमएच संकेतकों को हासिल करने के लिए कार्य सुझाना।
- तकनीकी रिपोर्टों का विकास करने में सहायता करना तथा क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से मौजूदा दिशा निर्देशों तथा प्रशिक्षण मैनुअलों की समीक्षा करना और राज्य/ जिला स्तरों पर इनका प्रचार-प्रसार करना।
- राज्य के पीआईपी की मूल्यांकन रिपोर्टों में मदद करना, तिमाही/ मासिक रिपोर्टें तैयार करना, एमएच के कार्यक्रमों की प्रगति की निगरानी करना।
- एनएचएम पीआईपी के अंतर्गत नियोजित किए गए क्रियाकलापों के कार्यान्वयन में राज्यों और जिलों की सहायता करना और उपलब्ध डाटा तथा रिपोर्टों का प्रयोग करके अनुमोदित योजनाओं के सापेक्ष हुई प्रगति का मूल्यांकन करना।
- प्रगति पर नजर रखने के लिए राज्यों में आवधिक रूप से क्षेत्रीय दौरे करना तथा यह सुनिश्चित करने में सहायता करना कि एमएच कार्यक्रमों की निर्धारित समयावधि में ही अनुमोदित योजनाओं को क्रियान्वित किया गया है ।
- उपर्युक्त पर आवधिक रिपोर्टें भेजना और अनुमोदित कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के भीतर के अंतरालों को भरने के लिए राज्य स्तर पर आवश्यक कार्य सुझाना।
- एमएच कार्य ढांचे के भीतर आवंटित कोई अन्य कार्य, विचारार्थ बिंदुओं में दिए गए या समय-समय पर मातृत्व स्वास्थ्य प्रभाग द्वारा यथा आवंटित सभी कार्यों के लिए नतीजे (आउटपुट), समयबद्ध कार्य और रिपोर्टें तैयार करना तथा किए गए कार्य की मासिक रिपोर्टें प्रस्तुत करना।
- संगठन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पर्यवेक्षक द्वारा आवंटित किए गए अन्य कार्यों (ड्यूटियों) को निष्पादित करना।

पात्रता:

- एमबीबीएस/ बीडीएस/ बीएचएमएस/ बीएएमएस/ बीपीटी+एमडी/ एमपीएच/ एमएचए/ स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/ स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए
- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में कम से कम 5+ वर्ष का अनुभव जिसमें से 2-3 वर्ष का अनुभव राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर सरकार के साथ प्रजनन और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) में हो। उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने राष्ट्रीय/ राज्य स्तर पर एनएचएम/ आरसीएच के साथ काम किया है।
- भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, प्रमुख हित धारकों और तत्संबंधी सरकारी नीतियों/ रणनीतियों विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से भलीभांति परिचित हो

- संचार और अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतरवैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी में मौखिक वार्तालाप और लिखित पत्राचार का उत्कृष्ट कौशल
- बहु-विषयक टीम के माहौल में कार्य करने की प्रमाणित योग्यता
- क्षेत्रीय स्तर पर आरसीएच के प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में प्रमाणित अनुभव
- तत्संबंधी डाटा और दस्तावेजों को तलाशने के लिए आम तौर पर प्रयोग में लाए जाने वाले पैकेजों जैसे कि एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट और वेब सर्फिंग की अच्छी जानकारी के साथ कंप्यूटर में दक्षता
- समय-सीमा कम होने के दबाव में अनेक प्रकार के कार्यों को संभालने की योग्यता
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों में यात्रा करने के लिए तैयार और कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए एक ही समय में अलग-अलग कार्यों को करने की योग्यता।
- औपचारिक शैक्षणिक अर्हता और अनुभव में उस स्थिति में ढील दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य किया गया हो या जहां कहीं कोई विशिष्ट प्रासंगिकता का कार्य अनुभव हो।

आयु सीमा: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक ऊपरी आयु सीमा 55 वर्ष और अधिक क्षेत्रीय दौरों को करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारस्परिक सीमा: 90,000/- रू. से 1,50,000/- रू. तक।

अवस्थिति: नई दिल्ली साथ ही राज्यों और जिलों की यात्रा करने के लिए तैयार हो।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **15-Sep-2020** तक rch.recruitment@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।